हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 22 सितंबर 2026

07 20 घंटे रेस्क्यू अभियान के बाद भी नदी में डूबे दो किशोरों में से एक का...

08 जिस अन्नदाता ने सबको खिलाया आज वही एक-एक निवाले को...

राधौगढ़ | मुंगावली| आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय| ईसागढ़

समाचार संक्षेप

विष्णुपुरा खंड में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न

गुना। बमोरी प्रखंड के विष्णुपुरा खंड में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, जिला सह मंत्री मनीष रघुवंशी, नगर उपाध्यक्ष अमित शर्मा, फतेहगढ़ प्रखंड अध्यक्ष प्राण सिंह धाकड़,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों एवं उद्देश्यों को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के विस्तार और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के विचारों एवं सेवा कार्यों को समाज के बीच और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संदेश देना रहा।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शोक संवेदना व्यक्त की, दी श्रद्धांजलि

गुना। सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष खालिद खान के पिता डॉ. हाजी रशीद खान के निधन पर केंद्रीय मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके निवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर गुना प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार भी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत डॉ. हाजी रशीद खान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

कुंभराज में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित

कुंभराज। स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालनालय लोक शिक्षण के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. राठौड़ के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुंभराज में 21 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू रहीं। इस अवसर पर मनीष शिवहरे, मंडल महामंत्री श्री नीरज मालवीय एवं मंत्री दीपक उपाध्याय सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 51 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना पर आधारित विभिन्न आकर्षक चित्र बनाए। त्रिकला प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के पीयूष कुशवाह ने प्रथम, कक्षा 10वीं के अमन अहीरवार ने द्वितीय तथा आरुष अहीरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

फतेहगढ़ में किसान की संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

परिजनों का दावा- खेत पर ले जाकर बिजली का तार पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बघुरिया में 31 वर्षीय किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने परिवार के ही एक युवक पर धोखे से खेत पर ले जाकर बिजली का तार पकड़ाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बघुरिया निवासी हल्केया अहिरवार (31) पिता प्रभुदयाल अहिरवार की खेत पर करंट लगने से मौत हुई। मृतक के भाई राजू अहिरवार ने आरोप लगाया कि परिवार में रिश्ते के चाचा का लड़का सोनू, हल्केया को खेत घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया था। परिजनों का आरोप है कि खेत पर पहुंचने के बाद सोनू ने हल्केया को बिजली का नंगा तार पकड़वा दिया, जिससे उसे करंट लग गया। परिजनों के अनुसार घटना की जानकारी करीब डेढ़ घंटे बाद उन्हें मिली। इसके बाद वे तत्काल खेत पर पहुंचे और बिजली का तार हटाकर अचेत अवस्था में हल्केया को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने पुलिस को सूचना देने के बावजूद समय पर ठोस कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल फतेहगढ़ पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के कारणों और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच शुरू कर दी है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुरानी रंजिश में हमला, टॉर्च से वार कर किया लहूलुहान

शहर केकैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशमोदा नई बस्ती में गणेश झांकी के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक 17 वर्षीय किशोर पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित केशव (17) पिता भगवान लाल अहिरवार ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 8 बजे वह खाटू श्याम मंदिर के पास गणेश पांडाल में खड़ा था। तभी अभिषेक आया और अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ में ली भारी बैटरी (टॉर्च) से सिर पर वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा। नरेश अहिरवार ने बीच-बचाव कराया। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए।

पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में चली लाठी

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पगारा में दादी के भरण-पोषण और जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना गत शाम की है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। इलाज कराने के बाद पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला भुरिया बाई वंशकार (25) की शिकायत पर दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि ताऊ पप्पू वंशकार और चाचा प्रमोद वंशकार उनके पिता बबलू के घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर चाचा प्रमोद ने डंडे से हमला कर भुरिया बाई, अर्चना और विशाखा के साथ मारपीट की, जिसमें अर्चना के होंठ से खून निकल आया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, दूसरे पक्ष से प्रमोद वंशकार (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बड़ा भाई बबलू, छोटा भाई रामबाबू और चाचा हरीराम घर में घुस आए।

बिजली दफ्तर में उपभोक्ता के साथ अभद्रता

स्टेटमेंट मांगने पर कर्मचारियों ने की बदसलूकी, पीड़ित ने कोतवाली में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के बिजली कंपनी कार्यालय में बिल जमा करने पहुंचे एक उपभोक्ता के साथ विद्युत कर्मचारियों द्वारा गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीराम कॉलोनी निवासी मोहित पिता स्व. रणवीर चंदेल सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचे थे। पीड़ित ने बताया कि उनके घरेलू बिजली कनेक्शन पर बकाया राशि की किश्तें बनी हुई थीं, जिनका वे नियमित भुगतान कर रहे थे। इसके बावजूद कंपनी द्वारा 8 हजार रुपये की बकाया राशि बताई जा रही थी। इसी की बची हुई 1800 रुपये की किश्त जमा करने और पुराना भुगतान विवरण (स्टेटमेंट) लेने वे काउंटर क्रमांक 6 पर पहुंचे।

आरोप है कि जब मोहित ने काउंटर पर मौजूद कर्मचारी से अब तक जमा राशि का स्टेटमेंट मांगा, तो कर्मचारी भडक़ गया और अभद्रता करने लगा। देखते ही देखते वहां मौजूद दो अन्य बिजली कर्मचारी भी आ गए और तीनों ने मिलकर उपभोक्ता के साथ गाली-गलौज करते हुए झूमाझटकी और मारपीट कर दी। परिसर में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर फरियादी को बचाया। घटना के बाद पीड़ित ने अपने भाई के साथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई, जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नपा के दफ्तर से 200 कदम दूर ही आवारा कुत्तों का आतंक

सुभाष कॉलोनी में चार-चार के झुंड में डेरा जमाए बैठे स्ट्रीट डॉग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा समय-समय पर आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी आबादी नियंत्रित करने के लिए अभियान चलाए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन शहर की सड़कों पर नजर आ रही स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर पालिका कार्यालय से महज करीब 200 कदम की दूरी पर स्थित सुभाष कॉलोनी की गलियों में ही आवारा कुत्तों के झुंड आसानी से देखे जा सकते हैं। सुभाष कॉलोनी की गलियों में चार-चार की संख्या में स्ट्रीट डॉग्स सड़कों पर बैठे और घूमते नजर आते हैं। जिस क्षेत्र में यह समस्या बनी हुई है, वहां नगर पालिका के एक अधिकारी का निवास भी बताया जाता है। इसके बावजूद यहां आवारा कुत्तों की मौजूदगी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।



सड़क पर जाम, गलियों में कुत्तों का खतरा

सुभाष कॉलोनी की इन गलियों से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। श्याम डेयरी रोड से तेलधानी रोड की ओर यातायात का दबाव बढ़ने और जाम की स्थिति बनने पर वाहन चालक और राहगीर इन वैकल्पिक गलियों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में गलियों में झुंड बनाकर बैठे कुत्ते लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार अचानक कुत्तों के दौड़ने से दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। विशेषकर रात के समय स्थिति ज्यादा परेशानी वाली हो जाती है। बच्चों और बुजुर्गों को भी इन गलियों से निकलते समय सावधानी बरतनी पड़ती है।

कई इलाकों में यही स्थिति

आवारा कुत्तों की समस्या केवल सुभाष कॉलोनी तक सीमित नहीं है। शहर के कर्नलगंज, त्रिमूर्ति कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, कैंट, सिसौदिया कॉलोनी, नानाखेड़ी और पिपरौदा रोड सहित कई क्षेत्रों में सड़कों पर कुत्तों के झुंड देखे जा रहे हैं। सुबह और देर रात के समय इनकी गतिविधियां ज्यादा दिखाई देती हैं। कई स्थानों पर कुत्ते सड़क के बीचोंबीच बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

कागजी कार्रवाई नहीं धरातल पर समाधान

शहरवासियों का कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बढ़ रही है। नगर पालिका को अभियान चलाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्रवाई का असर शहर की सड़कों पर दिखाई दे। नागरिकों ने मांग की है कि संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर नियमित रूप से आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी आबादी नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।

कब्जे की शिकायत से नाराज दबंगों ने पिता पुत्र पर बोला हमला

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम बनियाई में पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित नीतू राजपूत (30) ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि दो साल पहले गांव की विद्युत डीपी पर अवैध कब्जे की शिकायत करने से अमर सिंह राजपूत उनसे रंजिश रख रहा था। गत रात करीब 8 बजे जब नीतू दुकान पर गया, तो अमर सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान अमर सिंह के बेटे सरगम व मनोज लुहांगी-लाठी लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। नीतू की आंख के ऊपर चोट आई। बचाव में आए पिता मेहरबान सिंह को भी आरोपियों ने पटककर बेरहमी से पीटा, जिससे उनके खून बहने लगा।

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कवि गोष्ठी आयोजित

कवियों ने रचनाओं के माध्यम से हिंदी के गौरव, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सरोकारों को किया अभिव्यक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद, गुना द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी दिवस के अवसर पर कवि गोष्ठी का आयोजन मौसम विभाग के सामने स्थित पत्रकार भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ कवि एवं संस्था के संस्थापक सदस्य विष्णु साथी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कासट, विशेष अतिथि हरिदत्त शर्मा तथा सारस्वत अतिथि के रूप में श्रीमती ममता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। श्रीमती ज्योति जड़ेजा ने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रथम सत्र में संस्था के अध्यक्ष एवं नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह 'प्रेम' ने अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि आशीष कासट को हाल ही में इंदौर में काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कुंभराज में देश के प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं कविता तिवारी के कार्यक्रम भी आयोजित कराए हैं। वहीं श्रीमती ममता सिंह एनजीओ के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं तथा नशामुक्ति अभियान और पारदी समुदाय के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। विशेष अतिथि हरिदत्त शर्मा ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन के अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने चाहिए। उन्होंने रामायण, कबीरदास एवं सूरदास आदि की रचनाओं के दोहों का अर्थ समझाते हुए हिंदी के प्रति सम्मान और अपनत्व का भाव रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्याम सुंदर बियाणी, अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति, पंडित नंदकिशोर शर्मा, संरक्षक रामलीला कला मंडल, पंडित युवराज राजोरिया, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य, प्रशांत अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल समाज आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया राधाष्टमी महोत्सव, हजारों दीपकों से जगमगाया जयस्तंभ चौराहा

राधा-कृष्ण की झांकी और रासलीला ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

लाड़ली श्री राधा सेवा समिति, गुना के तत्वाधान में जयस्तंभ चौराहा पर श्री राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। महोत्सव में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की भव्य झांकी एवं मनमोहक रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महोत्सव के दौरान छप्पन भोग दर्शन, श्री राधारानी का भव्य फूल बंगला एवं महाआरती विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। महाआरती को लेकर समिति द्वारा श्रद्धालुओं से अपने घरों से आटे एवं घी के दीपक बनाकर साथ लाने की अपील की गई थी। समिति की अपील पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने साथ दीपक लेकर पहुंचे और सामूहिक महाआरती में शामिल हुए। हजारों दीपकों की रोशनी से जयस्तंभ चौराहा जगमगा उठा। इस दौरान पूरा वातावरण 'राधे-राधे' के जयघोष से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने राधारानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।



समिति सदस्यों का रहा विशेष योगदान

महोत्सव को सफल बनाने में लाड़ली श्री राधा सेवा समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन में आशु अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रदीप रघुवंशी, गणेश रघुवंशी, चंदन कुशवाह, दिनेश कुशवाह, हेमंत लोधा, आनंद चित्रांशी, शिवसिंह किरार, मनोज सलूजा, राजेश गौड़, दिव्यांश अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गिर्राज गर्ग, सागर सिंघल, अंकित अग्रवाल, सागर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, संजय गोयल, रामचरण जाट, पवन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एवं सलमान पठान सहित समिति के अन्य सदस्यों की सहभागिता रही। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में इसी प्रकार सहभागिता करते हुए सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

व्हाट्सएप पर आई लिंक खोलते ही सचिव का बैंक खाता खाली

साइबर ठगों ने उड़ाये 3.05 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत सांई चौकी के ग्राम तलावड़ा में साइबर ठगी का एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। व्हाट्सएप पर प्राप्त एक संदिग्ध एपीके फाइल/लिंक को सरकारी कार्य से संबंधित समझकर खोलना ग्राम पंचायत सचिव को भारी पड़ गया। शातिर साइबर ठगों ने जालसाजी करते हुए पीड़ित के बैंक खाते से बिना किसी अनुमति के 3 लाख 5 हजार 50 रुपये की भारी-भरकम राशि पार कर दी। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) से प्राप्त ई-जीरो एफआईआर की जांच के बाद मृगवास पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित मिंटूलाल (59) पिता सोनाराम मीणा, निवासी ग्राम तलावड़ा मजरा सांई, वर्तमान में ग्राम पंचायत बरोद में सचिव के पद पर पदस्थ हैं। फरियादी ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि गत दिवस उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से एक एपीके फाइल/लिंक प्राप्त हुआ था। शासकीय कार्य की लिंक समझकर जैसे ही उन्होंने उसे खोला, उनका मोबाइल फोन साइबर अपराधियों के नियंत्रण में आ गया।

समाचार संक्षेप

आरोन में धूमधाम से मनाया गया लाडली किशोरी का जन्मोत्सव

आरोन। नगर के शिव शक्ति नगर स्थित श्री मदन मोहन सरकार मंदिर में शनिवार को राधा अष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। लाडली किशोरी जी के जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में दो दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। मंदिर को आकर्षक फूल-मालाओं और विद्युत रोशनी से सजाया गया।धार्मिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच राधारानी जी का दूध, दही, शहद, मक्खन एवं गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा घरों से लाए गए दीपों से भव्य महाआरती की गई। महाआरती के दौरान राधे-राधे के जयकारों, ढोल-बाजों और आतिशबाजी से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर राधारानी जी के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन में माता-बहनों और बच्चों सहित वैष्णव भक्तों की विशेष सहभागिता रही।इस अवसर पर मंदिर पुजारी पंडित देवेंद्र शर्मा, पं.पलक राम, पं.सत्यनारायण शर्मा, पं. रवि भार्गव, चन्द्रप्रकाश शर्मा, भूपत रघुवंशी, गोपाल सोनी, श्याम टांडेल, बंटी राजपूत,सुनील विश्वकर्मा, उज्जवल विल्वास, डॉ. धवल राम, डॉ. कुलदीप, शिवराज यादव, गंगा राम यादव, संदीप राजपूत, मुकेश शर्मा, कैलाश शिवहरे, अंकुर गोयल, विकास योगी, सतीश शर्मा, मोनटी शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मॉडर्न स्कूल आरोन में भाषण प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

आरोन। मॉडर्न स्कूल, आरोन में सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजीव सिंह राजावत उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब युवा पीढ़ी शिक्षा, तकनीक, नवाचार और राष्ट्रभक्ति के साथ आगे बढ़ेगी। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मनसा के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता मोबत सिंह दांगी मॉडल स्कूल, आरोन के प्राचार्य द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति और विकसित भारत के संकल्प को विद्यालय स्तर से ही बच्चों में संस्कारित करना आवश्यक है।कार्यशाला में छात्रों ने विकसित भारत 2047 पर अपने विचार, पोस्टर एवं भाषण प्रस्तुत किए। विकसित भारत 20 47 की परिकल्पना करते हुए बच्चों द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए शिक्षकों ने भी भारत के आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी विकास पर चर्चा की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दस लक्षण पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, संयम धर्म का बताया महत्व

इंद्रियों पर संयम ही आत्मकल्याण का मार्ग मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को दिए प्रेरणादायी उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

जैन धर्म के पवित्र दस लक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म के अवसर पर मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को मंगल प्रवचन देते हुए संयम के महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के शिष्य, महातपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा कि जैन दर्शन में संयम पालन के बारह प्रमुख उपाय बताए गए हैं, जिनमें छह इंद्रिय संयम और छह प्राणी संयम शामिल हैं। मुनिराज ने इंद्रियों के वशीभूत होने से होने वाले नुकसान को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि इंद्रियों पर नियंत्रण न होने के कारण हाथी नकली हथिनी की ओर आकर्षित होकर गड्ढे में गिर जाता है। रसना इंद्रिय के वशीभूत होकर मछली जाल में फंसकर प्राण गंवा देती है। चक्षु इंद्रिय से आकर्षित होकर कीट-पतंगे दीपक की लौ में अपने प्राण त्याग देते हैं। कर्ण इंद्रिय के वशीभूत होकर सांप बीन की धुन पर सपेरे के नियंत्रण में आ जाता है। इसी प्रकार घ्राण इंद्रिय के आकर्षण में भंवरा फूल की सुगंध में ऐसा रम जाता है कि वहीं प्राण त्याग देता है। उन्होंने कहा कि इन पांच इंद्रियों के साथ मन भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और मन के माध्यम से अनेक प्रकार के पाप कर्म होते हैं। आज संसारी प्राणी इंद्रियों के वशीभूत होकर कदम-कदम पर पाप कर्म कर रहा है। ऐसे में आत्मकल्याण के लिए संयम का पालन आवश्यक है।

संयम के प्रकार बताए

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने संयम ग्रहण करने के पांच उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्वभाव से संयमी होते हैं, जिसके प्रत्यक्ष उदाहरण आचार्य विद्यासागर जी महाराज हैं। दूसरे प्रभाव से संयमी होते हैं। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने स्वयं तथा उनके साथ चातुर्मास कर रहे मुनि ओंकार सागर जी महाराज का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि तीसरे प्रकार के अभाव से संयमी और चौथे प्रकार के दुर्भाव से संयमी होते हैं। दुर्भाव से संयम का उदाहरण देते हुए उन्होंने ब्रह्मगुलाल बहुरूपिया का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि राजा ने दुर्भावना से बहुरूपिया को जैन मुनि का रूप धारण कर आने के लिए कहा, लेकिन वह जैन मुनि की मुद्रा धारण करने के बाद वास्तव में दीक्षा लेकर मुनि बन गया। ब्रह्मगुलाल ने कहा कि अब यह रूप नहीं बदलेगा।

कुशवाह समाज ने हर्षोल्लास से मनाई लव-कुश जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

कुशवाह समाज के तत्वावधान में लव-कुश जयंती उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर से नामदेव धर्मशाला तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजबंधु ढोल-नगाड़ों की धुन पर बग्गियों में सवार होकर शामिल हुए। शोभायात्रा में अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को पकड़े हुए लव-कुश की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके पीछे महर्षि वाल्मीकि के साथ वनदेवी के रूप में माता सीता की मनमोहक झांकी सजाई गई थी। चल समारोह में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। डीजे की धुन पर युवा उत्साह के साथ थिरकते नजर आए, वहीं भजनों की मधुर धुन से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। इस दौरान विधायक प्रियंका पेची, नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह मीना, पार्षदगण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान सहित भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रियंका पेची, नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह मीना, पार्षदगण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान ने भी शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ।

चाचौड़ा में डोल ग्यारस को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

आगामी डोल ग्यारस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को चंपावती नगर चाचौड़ा में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने पर्व के दौरान कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में डोल ग्यारस के चल समारोह, झांकियों के निर्धारित रूट, डीजे एवं साउंड व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों एवं नागरिकों से अपील की कि पर्व को आपसी भाईचारे, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर चाचौड़ा तहसीलदार मयंक खेमरिया, एसडीओपी मनोज झा, थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया सहित शांति समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि डोल ग्यारस के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के डोल एवं अखाड़ों के चल समारोह के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और किसी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने भी पर्व से संबंधित विभिन्न सुझाव रखे। सभी सदस्यों ने डोल ग्यारस पर्व को परंपरागत हर्षोल्लास, शांति और आपसी सद्भाव के साथ मनाने का संकल्प लिया।

व्यापारी संघ ने लगाया रक्तदान शिविर, व्यापारियों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

सकल व्यापारी संघ द्वारा मनोहर धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यापारियों के साथ नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। मनोहर धर्मशाला में आयोजित शिविर को लेकर व्यापारियों और नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने आगे आकर रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए अपना योगदान दिया। शिविर के दौरान विवेक रघुवंशी ने 38वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जरूरत के समय किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया रक्त दूसरे व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

वहीं बीनागंज निवासी पवन मीणा एवं उनकी पत्नी श्रीमती किशोरी मीणा ने पहली बार एक साथ रक्तदान किया। दंपती ने रक्तदान कर समाज के अन्य लोगों को भी आने का संदेश दिया।

एक माह से चल रही थी शिविर की तैयारी

सकल व्यापारी संघ के युवा अध्यक्ष प्रियेश श्रीमाल ने बताया कि रक्तदान शिविर की तैयारियां करीब एक माह से की जा रही थीं। व्यापारियों और नगरवासियों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाया गया। इन प्रयासों का परिणाम रहा कि बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए आगे आए। सकल व्यापारी संघ के इस आयोजन ने रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शिविर में व्यापारियों के साथ महिलाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद के लिए किया गया रक्तदान किसी के जीवन की उम्मीद बन सकता है।

क्षतिग्रस्त पानी की टंकी बनी हादसे का खतरा छात्राओं को कीचड़ भरे रास्ते से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास के पीछे बनी पानी की टंकी लंबे समय से क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ी है। टंकी के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद इसे हटाने की दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। छात्रावास प्रबंधन ने इस संबंध में नगर परिषद पिपरई को कई बार आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। छात्रावास अधीक्षिका के अनुसार, क्षतिग्रस्त पानी की टंकी को हटाने के साथ ही छात्रावास की बाउंड्री में जमा कचरे और रास्ते की समस्या को लेकर नगर परिषद को कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने के दौरान रास्ते में कीचड़ के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। छात्रावास प्रबंधन ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पानी की टंकी को जल्द हटवाया जाए। साथ ही बालिकाओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए छात्रावास से विद्यालय की ओर जाने वाले रास्ते पर सीसी रोड का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान छात्राओं को आवागमन में परेशानी न हो।

क्षतिग्रस्त पानी की टंकी की समस्या से पिपरई तहसीलदार रोहित रघुवंशी को भी अवगत कराया गया। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर परिषद पिपरई के सीएमओ से फोन पर चर्चा की और क्षतिग्रस्त टंकी को हटाने की कार्रवाई करने के लिए कहा।

अशोकनगर पुलिस की कार्रवाई, 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं अनु विभागीय अधिकारी अनुभाग चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कदवाया पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी 03 स्थाई वारंटों की तामीली करते हुए तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

अंशुल जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, ईसागढ़, जिला अशोकनगर द्वारा प्रकरण क्रमांक 135/20 में जारी स्थाई वारंटों की तामीली हेतु थाना कदवाया पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार तलाश एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम तिलहारी में दबिश देकर गिरफ्तारी वारंटी वलवंत सिंह उर्फ बल्लू यादव पुत्र तखत सिंह यादव, उम्र 28 वर्ष, गजेन्द्र यादव पुत्र तखत सिंह यादव, उम्र 60 वर्ष एवं रंजीत सिंह यादव पुत्र गजेन्द्र सिंह यादव, उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम तिलहारी, थाना कदवाया, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

पिपरई। नगर परिषद पिपरई स्थित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के संकुल स्तरीय प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

फुटबॉल खेल प्रतियोगिता
वर्ष 2026-27
21 सितम्बर से 23 सितम्बर 2026
आयोजक : शिक्षा विभाग, जिला-अशोकनगर (म.प्र.)

70वी संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का अशोकनगर में आयोजन किया

अशोकनगर। 70वी संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती पूजन अर्चन से हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविन्द्र लोधी प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जयमंडल यादव जिला सभापति रेडक्रॉस सोसायटी अशोक नगर विशिष्ट अतिथि कार्तिक शर्मा जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ भाजपा,के साथ प्राचार्य एंटोनिजोस सर के आथित्य में हुआ.। मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन, आशीर्वाद वचनों से खिलाड़ियों को आशिषित कर प्रोत्साहित कर उत्साह बढ़ाया, फुटबॉल प्रतियोगिता का स्वागत भाषण, खेल प्रतिवेदन जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज राठौर द्वारा एवं मंच संचालन प्रहलाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत चजप ने किया स्वागत में शालिनी वास्तव,शशिकांत शर्मा, प्रियांशु शर्मा, आदित्य चैरसिया,रहीश खान जाहिद खान,बसीम खान बालिकाओं का पहला मैच ग्वालियर विरुद्ध शिवपुरी का हुआ जिसमें ग्वालियर 2/0 विजयी हुई वहीं बालक वर्ग में गुना और मुरैना के मैच में चार के मुकाबले तीन गोलों से गुना ने मुरैना को पेनल्टी शूट आऊट में परास्त किया, बालिका वर्ग में भिण्ड ने अशोक नगर को 3 के मुकाबले शून्य गोलों से पेनल्टी शूट आऊट में हराया, बालक वर्ग के अगले मैच में शिवपुरी विरुद्ध ग्वालियर के मैच में ग्वालियर 01/00 से विजयी हुई, ग्वालियर, मुरैना का सेमी फाइनल मैच बूंदाबन्दी के बीच चल है, शिक्षा विभाग की संभागीय शालेय क्रीड़ा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 सितंबर तक, अशोकनगर के मुस्कान पब्लिक स्कूल के फुटबॉल मैदान पर चल रहा हैं। इस पुरे टूर्नामेंट में संभाग के आठ जिलों के लगभग 250 बालक, बालिकाएं एवं ऑफिसियल सम्मिलित है। उक्त टूर्नामेंट में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा के आदेशानुसार,मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ग्राम सोनेरा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चन्द्रसेना भिड़े द्वारा सोमवार को परियोजना अशोकनगर ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनेरा की आंगनवाडी केन्द्र सोनेरा प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण किया गया।

प्रातः 09 बजे दोनो आंगनवाडी केन्द्र बंद पाये गये। संदेश भेजने के बाद सोनेरा क्रमांक 01 की आंगनवाडी कार्यकर्ता व सोनेरा 02 की सहायिका उपस्थित हुई। आंगनवाडी केन्द्र 01 सोनेरा में केन्द्र पर एक भी बच्चा नही था, जबकि 03 से 06 वर्ष के 40 बच्चे दर्ज हैं। दिये गये निर्देशानुसार आंगनवाडी केन्द्र पर प्रतिदिन उपस्थित होने वाले बच्चों/निजी शाला में जाने वाले बच्चों की सूची लगाने के निर्देश दिये गये थे जो अभी तक चस्पा नही हैं। वजन अभियान हेतु झूला प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र पर हो यह निर्देश गत 03 वर्षो से दिये गये हैं परंतु आंगनवाडी केन्द्र पर अभी भी झूला नही हैं।आंगनवाडी केन्द्र पर सहायिका गुडडी बाई अनियमित हैं। उक्त आंगनवाडी सहायिका पर कार्यवाही कर इन्हे पद से पृथक करने की कार्यवाही की जावे। आंगनवाडी सहायिका का माह सितंवर में 20 दिन का मानदेय काटे जाने व पद से पृथक करने की कार्यवाही करने हेतु परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक को पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार आंगनवाडी केन्द्र 02 सोनेरा के निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता संध्या भटनागर अनुपस्थित थी, चर्चा करने पर पता चला कि संध्या भटनागर गुना जिले में निवास करती हैं व माह में दो-चार दिन आती हैं। संध्या भटनागर को पद से पृथक करने की कार्यवाही की जावे। माह सितंवर 2026 का 25 दिवस का मानदेय आहरित नही किया जावे। आंगनवाडी केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नही पाया गया। आंगनवाडी सहायिका अधोहस्ताक्षरकर्ता के उपस्थित होने के उपरांत केन्द्र पर आई। आंगनवाडी केन्द्र पर निर्धारित निरीक्षण पंजी नही थी, जबकि जिला कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश हैं कि निरीक्षण पंजी प्रत्येक केन्द्र पर होना चाहिये। आंगनवाडी केन्द्र गीला व अत्यंत अव्यस्थित हैं। जो किसी भी दृष्टि से बाल सुलभ केन्द्र नहीं हैं।स्पष्ट हैं कि आंगनवाडी कार्यकर्ता केन्द्र पर उपस्थित नही होती। समूह सदस्यों द्वारा बताया गया कि आंगनवाडी केन्द्र कभी भी नियमित संचालित नही होता। बच्चो की अनुपस्थिति के कारण खाना-नाश्ता नहीं दिया जाता। इस संबध में परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक को कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी कर निर्देशित किया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में बी ग्रेड वाले विभाग शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूति सहायता एवं जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय सीमा में किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के प्रसूति सहायता और जननी सुरक्षा योजना के दस्तावेज समय से पूर्ण करा लिए जाएं, जिससे अविलंब से उनका भुगतान हो सके। उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना की मॉनिटरिंग किये जाने की निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के पश्चात निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर भेजना सुनिश्चित करें।

आदिवासी बहुल केशवपुर में सड़क निर्माण पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

आदिवासी बहुल ग्राम केशवपुर में सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौके की तस्वीरें निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर मजबूत और मानक निर्माण के बजाय पत्थरों के ऊपर महज पतली सीसी परत डालकर काम पूरा दिखाने की कोशिश की गई है।

मौके की स्थिति देखकर यह भी सवाल उठता है कि जिस सड़क पर ग्रामीणों की आवाजाही निर्भर है, वह बारिश और लगातार आवागमन का दबाव कितना झेल पाएगी। दूसरी ओर, दूसरे हिस्से में बनी सीसी सड़क अपेक्षाकृत अलग स्थिति में दिखाई देती है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और अलग-अलग चरणों में अपनाई गई तकनीक की जांच की मांग उठ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनपद सीईओ, संबंधित इंजीनियर, ग्राम सचिव और रोजगार सहायक की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य वास्तव में निर्धारित मापदंडों के अनुसार हुआ है तो मौके पर माप पुस्तिका (एमबी), स्वीकृत लागत, तकनीकी स्वीकृति, कार्यादेश और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी गजराज सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चुरारी निवासी रामकुमार कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी साहब सिंह, सरदार सिंह, राजेन्द्र सिंह और शेरसिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीला माता मंदिर निवासी ताराबाई पथी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू, जितेन्द्र और भूरा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी गोराबाई बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति खलक सिंह बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बलराम पुत्र टीकाराम आदिवासी उम्र 40 साल निवासी कजराई ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। मुंगावली पुलिस ने कोमल अहिरवार निवास मुंगावली पुरानी गल्ला मण्डी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कदवाया पुलिस ने ग्राम सिरनी निवासी शिवम लोधी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने फरदाई निवासी सुगर सिंह कुर्मी के पास से भी 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

आकाश शर्मा देहात और मनीष गुर्जर ईसागढ थाना प्रभारी बने

अशोकनगर। ईसागढ़ की थाना प्रभारी मीना रघुवंशी और देहात थाना प्रभारी पूनम सेलर की पदोन्नति होने और उप निरीक्षक से निरीक्षक बन जाने के बाद पुलिस हेड क्वार्टर भोपाल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने उक्त थाना प्रभारियों को लेकर देहात थाना प्रभारी आकाश शर्मा को और ईसागढ़ थाना प्रभारी मनीष गुर्जर को बनाया है। वर्तमान में मनीष गुर्जर सिटी कोतवाली में पदस्थ चल रहे थे और आकाश शर्मा पुलिस कंट्रोल रूम का प्रभार देख रहे थे।

डोल ग्यारस पर रहेगा स्थानीय अवकाश

अशोकनगर। कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। घोषित अवकाश के तहत 22 सितम्बर 2026 डोल ग्यारस को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

बच्चों की चित्रकला देखी और प्रसन्नता की जाहिर

पी.एम. श्री शा. कन्या हाई स्कूल शाढौरा

शाढ़ौरा। जन शिक्षा केंद्र स्तरीय सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत आज जन शिक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल शाढ़ौरा में मुख्य अतिथि के रूप में राव अजय प्रताप सिंह यादव ,अध्यक्ष जिला पंचायत अशोकनगर सम्मिलित हुए। बच्चों की प्रतिभाओं को सराहा ,विद्यालयीन व्यवस्थाओं को देखा और प्रसन्नता व्यक्त की। आभार रामबली सिंह रघुवंशी प्राचार्य एवं प्रभारी जन शिक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल शाढ़ौरा द्वारा व्यक्त किया।

दूसरे का सर्चिंग अभियान जारी, परिजनों में शोक का माहौल

20 घंटे रेस्क्यू अभियान के बाद भी नदी में डूबे दो किशोरों में से एक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर जंगली क्षेत्र में आमखो की नदी में रविवार को दो किशोर पानी में नहाते समय डूब गए थे,जिसके बाद रेसक्यू अभियान के साथ सर्चिंग अभियान चलाया गया। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम को कोई सफलता नही मिली थी रविवार की सुबह दो किशोरों में से एक किशोर का शव घटना स्थल से 200 मीटर दूर मिला है, लेकिन दूसरे किशोर का शव 20 घण्टे बाद भी नहीं मिला है। पूरे दिन रेसक्यू अभियान जारी रहा।

जिस जगह यह घटना हुई है वहां पूरा पथरीला और जंगली क्षेत्र है यहां घोड़ापछार नदी का पानी आता है और आगे जाकर ओर नदी में मिलता है। जिस समय यह घटना हुई उस समय नदी में पानी का तेज बहाव था, उस समय अशोकनगर शहर से 5 किशोर नदी में नहाने गए थे,यह पांचों किशोर दो बाईक से गए थे, अचानक एक किशोर के परिवारजनों का फोन आने के कारण वहां से दो किशोर बाईक से वापिस अपने घर लौट आए थे, एक किशोर नदी के बाहर था और दो किशोर नदी के पानी में नहां रहे थे। बताया गया है कि उसी दौरा उसी क्षेत्र के दो आदिवासी परिवार के बच्चे भी नहां रहे थे जब वह अचानक डूबने लगे तब उन्हें नदी के बाहर खड़े एक युवक ने कूदं कर बचा लिया था लेकिन तब तक यह अशोकनगर के दोनों किशोर बहाव में बहकर आगे चले गए।

डेढ़ किलोमीटर तक सर्चिंग अभियान चला,लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा

इस दौरान थूवोन चैकी प्रभारी आमोद तिवारी एसडीआरएफ की ओर से आशीष ऋषिश्वर और निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह भी मौके पर नजर आए। इस दौरान दी में उक्त किशोर की तलाश का अभियान जारी रहा, डेढ़ किलोमीटर तक नदी के दोनो ओर भी ग्रामीणों द्वारा तलाश की गई, इसके अलावा नदी में एक नौका में बैठे जवानों द्वारा कांटे डालकर नदी में तलाश की गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई है। इस मौके पर राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि पूरा पथरीला क्षेत्र और जंगली होने के कारण समस्या आ रही है, लेकिन हमारा सर्चिंग अभियान जारी है हम रात मे भी सर्चिंग अभियान चलाएगें। जो भी पानी में डूबने की घटनाएं होती हैं उनमें 24 से 30 घण्टे के बीच शव फूलकर ऊपर आ जाता है अगर सर्चिंग अभियान में मदद नही मिली तो शव के ऊपर पानी में आने की संभावना है, अगर किशोर की बॉडी नीचे किसी चीज में जाकर फंस गई तो उसे निकालना पड़ेगा।

दो किशोरों में से एक किशोर का शव 200 मीटर दूर मिला

इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंच गए थे आसपास के ग्रामीण अचंलों के लोग भी इस अभियान का हिस्सा बनकर दोनों किशोरों को रात में भी तलाशने में लगे रहे। एसडीआरएफ की टीम और होमगार्ड के जवान इस कार्य में लगे होने के बाद जब सफलता नहीं मिली तब सोमवार की सुबह फिर अभियान चलाया गया। सुबह 8 से 9 बजे के बीच घटना स्थल से 200 मीटर दूर किशोर दक्ष यादव का शव मिला था जिससे लग रहा था कि दूसरे किशोर ध्रुव दुवे की तलाश भी पूरी हो जाएगी, लेकिन पूरे दिन सोमवार को देर शाम तक रेसक्यू अभियान चलता रहा लेकिन किशोर का कहीं पता नहीं चला।

एसडीआरएफ की टीम के पास नहीं है पूरे इंतजाम

हालांकि दो दिन पहले हुई बारिस के बाद नदी में पानी का बहाव लगभग 4 फिट कम हुआ है कईं जगह आसानी से पैर रखकर नदी पार की जा सकती है और कईं जगह 3 से 4 पानी है और कईं जगह 8 से 10 फिट तक गहराई है। लेकिन तलाशी अभियान जारी है, इस मौसम में तो शव फूलकर बाहर आ जाता है लेकिन सर्दी के मौसम में समस्या आती है, लेकिन सब कुल मिला कर प्रशासन के पास इस तरह के कोई इंतजाम या टीम नहीं है जिससे गहराई में जाकर इस तरह की घटनाओं में सर्चिंग कर बॉडी को बाहर निकाला जा सके जो इंतजाम है वह साधारण स्तर के हैं, जिनका उपयोग एसडीआरएफ की टीम कर चुकी है और अब वह कुदरती बॉडी के फूलकर बाहर आने का इंतजार कर रही है। लेकिन इस घटना में उस परिवार पर क्या बीत रही होगी जिसका बेटा नदी में बहने के बाद भी नहीं मिला है, उस परिवार का रो रो कर बुरा हाल है, न तो कोई राजनैतिक सरंक्षण मिल रहा है और न कोई प्रशासनिक सरंक्षण। यह पूरा परिवार सोमवार को पूरे दिन नदी के किनारे बैठकर सर्चिंग अभियान देखकर यह आशा लगाता रहा कम से कम उनके बेटे के साथ जो हुआ कम से कम उसकी बॉडी तो मिल जाएगी। ऐसे मामलों में प्रशासन को संवेदनशील होने की जरूरत है।

छप्पन भोग एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया

अशोकनगर। श्री कृष्ण संस्थान महिला समिति, अशोकनगर द्वारा श्री युगल सरकार मंदिर, बायपास रोड पर छप्पन भोग एवं संगीतमय भजन-कीर्तन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। भगवान श्री राधा-कृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात संगीतमय भजन-कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में समिति की संरक्षक डॉ. अनुराधा यादव, अध्यक्ष आनंद यादव, उपाध्यक्ष कमलेश यादव एवं चंदा यादव, कोषाध्यक्ष रसना यादव, सचिव मनीषा यादव, सहसचिव रीना यादव तथा मीडिया प्रभारी बबली यादव सहित समिति की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नगर परिषद ईसागढ़ की अध्यक्ष नीति यादव, कीर्ति यादव, जानकी यादव, रमा यादव, बृज कुमारी यादव, उषा यादव, रीना यादव, अनुराधा यादव, बबली यादव, सीमा यादव, रेखा यादव, काजल चंद्रेश यादव, पूनम यादव, जय कुंवर, सपना, नेहा यादव, रामकुमारी रौनक, शिवी यादव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु राधा-कृष्ण की भक्ति में भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, भक्ति और पारिवारिक संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का समापन भगवान श्री राधा-कृष्ण की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

बच्चे प्रतिदिन कर रहे तत्वार्थ सूत्र का वाचन

पर्यूषण पर्व के छठवें दिन की उत्तम संयम धर्म की आराधना

बिना संयम के सारे नियम महत्त्वहीन हो जाते हैं- मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में हम साइंस ऑफ कन्ट्रोल को समझकर अपने जीवन में अनुशासन को लाने का प्रयास करेंगे। संयम के मायने केवल अनुशासन नहीं है, आत्मानुशासन है, आत्म नियंत्रण है। अपने मन, वचन और इन्द्रिय को संयमित कर लेना, नियमित कर लेना, नियन्त्रित कर लेना इसी का नाम संयम है।

मुनि श्री ने कहा कि संयम के मायने हैं अपनी संकल्प शक्ति को, अपनी इच्छा शक्ति को बढ़ाना। आज नई पीढ़ी को शिकायत है कि हमें अपने ऊपर विश्वास नहीं है, हमारा आत्म विश्वास कम हो रहा है, हमारी संकल्प शक्ति कम होती जा रही है। इस तरह के प्रश्न प्रायः करके हर युवा के मन में प्रति पल उठ रहे हैं और इसका कारण है कि हमने अपने जीवन को संयमित करने का प्रयत्न ही नहीं किया है। हम अपने जीवन को संयमित करें तो मालूम होगा अपनी संकल्प शक्ति का। जिसकी संकल्प शक्ति जितनी अधिक होती है, वह अपने जीवन को उतना ही संयमित कर लेता है। कोई अपने जीवन को संयमित नहीं कर पाता इसके मायने हैं कि उसकी अपनी संकल्प शक्ति बहुत कमजोर है। संकल्प लेने के लिये बहुत साहस चाहिये। जीवन भर के लिये कोई नियम लेने, अपने आपको (स्वयं को) किसी मर्यादा में बाँध लेने के लिये, संकल्पित होने के लिये बहुत साहस चाहिये। यहाँ दूसरे के द्वारा नहीं बाँधा जा रहा बल्कि स्वयं अपने आप को बाँध रहे हैं। ये साहस यदि हम जुटा लेते हैं तो ऐसे संकल्पों से, ऐसे नियन्त्रण से हमारा जीवन धीरे-धीरे ऊँचा उठता है और आत्मविश्वास बढ़ता चला जाता है। यदि दृष्टि आत्म उत्थान की है तो अपने ऊपर लगाये गये सारे अंकुश हमें ऊँचा उठा देंगे। दूसरे के द्वारा लगाये गये अंकुश कभी किसी को ऊँचा नहीं उठाते। व्यक्ति स्वयं अपने ऊपर अंकुश लगा ले, अपने को अनुशासित कर ले, तो वह अनुशासन अपने जीवन को ऊँचा उठाने में मदद करता है।

ग्रामीणों की सतर्कता से धरे गए मवेशी चोर, खंभे से बांधकर पीटा

ईसागढ़-अशोकनगर मार्ग पर लगाया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया खेड़ा गांव में पिछले दो वर्षों से जारी चोरी की घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों का सब्र सोमवार को टूट गया। हाल ही में हुई भैंस चोरी के बाद जंगल में घेराबंदी कर ग्रामीणों ने दो चोरों को रंगे हाथ दबोच लिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने दोनों आरोपियों को गांव में खंभे से बांधकर जमकर धुनाई कर दी और बाद में सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली आड़ी लगाकर चक्काजाम कर दिया।

जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा, ट्रॉली में बिठाकर किया प्रदर्शन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया खेड़ा गांव में बीते दो सालों में करीब 100 से अधिक मवेशी (भैंसें) और खेतों की पानी की मोटरें चोरी हो चुकी हैं। हाल ही में हुई एक और भैंस चोरी के बाद ग्रामीण उनकी तलाश में जंगल की तरफ गए थे। इस दौरान जंगल में संदिग्ध लोग दिखाई दिए, जो ग्रामीणों को देखकर भागने लगे। शक गहराने पर ग्रामीणों ने सोमवार सुबह दोबारा जंगल में सर्चिंग की और घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों में से एक चंदेरी का तथा दूसरा स्थानीय गांव का ही निवासी बताया जा रहा है। आरोपियों को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने पहले उन्हें गांव के खंभे से बांधा और मारपीट की, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद ग्रामीण दोनों आरोपियों को चंदेरी-ईसागढ़-अशोकनगर मार्ग पर ले आए और ट्रैक्टर-ट्रॉली में बिठाकर सुबह करीब 8.30 बजे चक्काजाम कर दिया।

आनंदपुर धाम जाने वाले श्रद्धालु और

ग्रामीणों का कहना था कि वे आरोपियों को पकड़कर पुलिस का इंतजार करते रहे, लेकिन देरी होने पर उन्हें चक्काजाम का कदम उठाना पड़ा। करीब 1 घंटे तक चले इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इन दिनों आनंदपुर धाम में मेला चल रहा है, जिसके कारण दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु और आम राहगीर करीब एक घंटे तक जाम में फंसे रहे और खासे परेशान नजर आए। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और वारदातों को लेकर पिछले एक-दो महीनों के भीतर यह दूसरा-तीसरा चक्काजाम है।

पुलिस व प्रशासन की समझाइश के बाद खुला जाम

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रशांत यादव और तहसीलदार दिलीप दरोगा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए समझाइश दी। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और पकड़े गए दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड से पहुंचे पर्यटक

चंदेरी में विदेशी मेहमानों की बढ़ी दस्तक, अब जल पर्यटन पर नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी अब विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। इस सप्ताह नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से आए पर्यटकों के कई समूह चंदेरी पहुंचे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान विदेशी मेहमानों ने चंदेरी के ऐतिहासिक स्मारकों, प्राचीन इमारतों, बावड़ियों, जलाशयों और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। ऐतिहासिक विरासत के साथ चंदेरी की सदियों पुरानी जल व्यवस्था और स्थापत्य कला ने पर्यटकों का विशेष ध्यान खींचा।

पर्यटकों को चंदेरी की विरासत से रूबरू कराने के दौरान स्थानीय गाइड कल्ले भाई ने जब उन्हें बताया कि एक समय चंदेरी में करीब 1200 बावड़ियां और 20 छोटे-बड़े तालाब हुआ करते थे, तो विदेशी पर्यटकों की जिज्ञासा और बढ़ गई। उन्होंने प्राचीन बावड़ियों और जलाशयों के निर्माण की तकनीक, उनके उपयोग और उस दौर की जल प्रबंधन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। पर्यटकों ने चंदेरी की प्राचीन जल व्यवस्था को केवल पानी के संरक्षण की व्यवस्था नहीं, बल्कि यहां की ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

इतिहास के साथ जल पर्यटन का नया अध्याय

पर्यटक समूह के लीडर मदन सिंह ने चंदेरी में जल पर्यटन की संभावनाओं को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि चंदेरी में ऐतिहासिक पर्यटन पहले से ही प्रमुख आकर्षण है, लेकिन यदि इसे जल और प्राकृतिक पर्यटन से जोड़ा जाए तो पर्यटकों के लिए यहां ठहरने और घूमने के विकल्प बढ़ सकते हैं। उन्होंने रामनगर जलाशय में बोटिंग की सुविधा विकसित करने का सुझाव दिया। मदन सिंह ने बताया कि वर्तमान में गंगा क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने के कारण वहां नौकायन बंद है। चंदेरी आने वाले कई पर्यटक समूह इसके बाद गंगा क्षेत्र की ओर भी जाते हैं। ऐसे में यदि चंदेरी में ही जल पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जाती हैं तो पर्यटकों को एक ही क्षेत्र में इतिहास, स्थापत्य, प्रकृति और जल पर्यटन का अनुभव मिल सकता है।

जल झूलनी ग्यारस पर भक्तों की उमड़ेगी भीड़, अधिकारियों ने दिए निर्देश

जल विहार को लेकर नगर पालिका परिषद ने तैयारियों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के सबसे बड़े आयोजनों में से एक डोल ग्यारस के पर्व को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने विसर्जन घाट पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डोल ग्यारस के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान जल विहार के लिए विसर्जन घाट पहुंचेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और साफ-सफाई, सुरक्षा,प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर एवं सुचारू रहें। उन्होंने विशेष रूप से घाट पर पर्याप्त एवं अच्छी लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा डोल ग्यारस पर्व को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, निक्की दुआ, शिव शर्मा, रोहित कौशल सहित रहवासी उपस्थित रहें।

आवागमन के लिए मार्ग परिवर्तन एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित

आगामी डोल ग्यारस पर्व एवं 22 सितम्बर को प्रस्तावित डोल ग्यारस चल समारोह को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्धारित वैकल्पिक मार्ग एवं यातायात व्यवस्था

1 विदिशा रोड से गांधी पार्क, स्टेशन रोड एवं इन्द्रापार्क की ओर जाने वाले चार पहिया एवं तीन पहिया वाहन पठार-सुराना चैराहा- इन्द्रापार्क-भिलाला मिल रोड से आवागमन कर सकेंगे।

2 वाहन चालक मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास चिन्हित ग्राउंड में वाहन पार्क कर पैदल भी जा सकेंगे।

3 विदिशा तिराहा से गांधी पार्क, स्टेशन रोड, पुराना बाजार एवं इन्द्रापार्क की ओर आने-जाने वाले दो पहिया वाहन एडवांस पैथोलॉजी के बगल वाली गली-पुराना फट्टा टॉकीज गली-शासकीय मिडिल स्कूल/पुराने बाजार वाली गली-इन्द्रापार्क-भिलाला मिल मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

4 पुराना बाजार, इन्द्रापार्क एवं स्टेशन रोड से गांधी पार्क की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

5 संबंधित वाहन बिलाला मिल-सुराना चैराहा पठार रोड मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। पछाड़ीखेड़ा से एफओबी मार्ग वाहनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगा।

6 वाहन चालक तायडे कॉलोनी अथवा राजश्री होटल के बगल वाली गली (दुबे कॉलोनी) से अंडरपास होकर मिलन तिराहा के पास निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर पैदल जा सकेंगे।

7 राजमाता चैराहा एवं नया बस स्टैंड से आने-जाने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन तायडे कॉलोनी एवं दुबे कॉलोनी मार्ग से अस्पताल तिराहा होते हुए आवागमन कर सकेंगे।

8 चल समारोह के पछाड़ीखेड़ा पहुंचने के दौरान राजमाता चैराहा एवं नया बस स्टैंड की ओर से पछाड़ीखेड़ा चैराहा की ओर आने वाले समस्त भारी, मध्यम एवं लोडिंग वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अशोकनगर पुलिस द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए प्रमुख रूप से निम्न स्थानों के समीप ग्राउंड चिन्हित किए गए हैं, स्टेशन क्षेत्र,सुभाषगंज क्षेत्र, मिलन तिराहा पेट्रोल पंप के पास स्थित ग्राउंड।

अशोकनगर पुलिस की अपील

अशोकनगर पुलिस आमजन एवं श्रद्धालुओं से अपील करती है कि डोल ग्यारस पर्व की गरिमा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। निर्धारित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा पुलिस द्वारा जारी यातायात निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करें। आपका सहयोग सुरक्षित, सुगम एवं जामरहित यातायात की पहचान।

डूब क्षेत्र के किसान जिंदगी दांव पर लगाने को मजबूर

जिस अन्नदाता ने सबको खिलाया आज वही एक-एक निवाले को हुआ मोहताज

अधिकारों की लड़ाईः सुठालिया बांध के डूब प्रभावितों का फूटा आक्रोश, 8वें दिन भी 9 किसान आमरण अनशन पर डटे

ब्यावरा/सुठालिया। जिस देश में किसान को अन्नदाता कहकर सम्मान दिया जाता है, उसी देश में अगर वही अन्नदाता अपने बुनियादी हक, पुश्तैनी जमीन और पुनर्वास की खातिर अन्न-जल त्यागने पर विवश हो जाए, तो यह समूची प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में आ रहे राजगढ़ और गुना जिले के 65 गांवों के किसानों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। वाजिब मुआवजे और पारदर्शी पुनर्वास की मांग को लेकर कड़ाके की धूप में पिछले 8 दिनों से 9 किसान लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस व लिखित पहल सामने नहीं आई है।

दोहरी नीति से उपजा गहरा असंतोष

आंदोलन की मुख्य वजह सरकार की नीतिगत विसंगति है। परियोजना के तहत लगभग दो वर्ष पूर्व किसानों की जमीनों का और कुछ माह पूर्व मकानों व परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर रजिस्ट्री दरों के आधार पर मात्र दोगुना मुआवजा वितरित किया गया था। विस्थापित इस राशि को लेकर पहले से ही असंतुष्ट थे, लेकिन हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा की गई नई घोषणा ने असंतोष को भड़का दिया। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि आगामी समय में सड़क, रेलवे, तालाब या बांध परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा रजिस्ट्री दर के आधार पर चार गुना दिया जाएगा। इस घोषणा के बाद सुठालिया के 65 गांवों में आक्रोश फैल गया। किसानों का कहना है कि जब उनकी उपजाऊ जमीनें और पैतृक मकान उसी तरह जलमग्न हो रहे हैं, तो उनके साथ यह भेदभाव क्यों? उनकी मांग है कि सुठालिया परियोजना के सभी प्रभावितों को भी संशोधित दर यानी 4 गुना मुआवजा दिया जाए।

8 दिनों से अनशन पर ये 9 किसान, गिर रहा स्वास्थ्य

धरना स्थल पर समाजसेवी आरटीआई एक्टिविस्ट जयपाल सिंह खींची, नरबे सिंह लोधी, माखन लोधी, अर्जुन सिंह गुर्जर, बालकिशन गुर्जर, हेमेंद्र सिंह बना, लखन सिंह पटेल एवं प्रेम सिंह बना सहित 9 किसान पिछले 8 दिनों से बिना अन्न-जल के आमरण अनशन पर हैं। लगातार भूख हड़ताल के चलते अनशनकारियों का बीपी और शुगर लेवल तेजी से गिर रहा है। स्वास्थ्य विभाग की बुनियादी जांचों के अलावा उनकी सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता कदम नहीं दिख रहा है।

अफसरों की मौखिक समझाइश बेअसर, लिखित आदेश पर अड़े किसान

आंदोलन के आठवें दिन दबाव बढ़ता देख एसडीएम और एडीएम धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समस्याओं के समाधान का मौखिक आश्वासन दिया। हालांकि, किसान केवल आश्वासनों पर अनशन समाप्त करने को तैयार नहीं हैं। किसानों ने दो-टूक कहा है कि जब तक शासन स्तर से 4 गुना मुआवजे की अनुशंसा, विसंगतिपूर्ण सर्वे के पुनरीक्षण और लंबित भुगतानों को लेकर कोई ठोस लिखित आदेश या समय-सीमा निर्धारित नहीं होती, सत्याग्रह जारी रहेगा। यदि समय रहते निर्णय नहीं हुआ, तो यह आंदोलन दोनों जिलों की सड़कों पर उतरेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सर्वे में गंभीर धांधली, कई गांव चारों तरफ से घिरे, फिर भी डूब सूची से बाहर

- कांकरिया गुर्जर और सेमलापार की उपेक्षारू ग्राम कांकरिया गुर्जर में कुल 171 मकानों में से मात्र 69 मकानों को डूब में लिया गया, जबकि शेष मकानों के चारों तरफ पानी भरने के बावजूद उन्हें छोड़ दिया गया। इसी प्रकार सेमलापार राजपूत खेड़ा में केवल 01 मकान को ही डूब क्षेत्र में दर्ज किया गया है।
- मकानों का मुआवजा काटा गयारू ग्राम टोडी, निवारा एवं गुर्जरखेड़ी में मूल्यांकन के बाद कई मकानों की मुआवजा राशि में कटौती कर दी गई। वहीं टोडी के 24 और गुर्जरखेड़ी के 3 मकान पूर्णतः जलमग्न होने की श्रेणी में होने के बावजूद उचित मुआवजे से वंचित हैं।
- परिसंपत्तियों की अनदेखीरू कुएं, ट्यूबवेल, फलदार पेड़ और सिंचाई पाइपलाइनों का सर्वे होने के बावजूद भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है।
- कटऑफ डेट की विसंगति, प्रशासन 1 जनवरी 2021 की कटऑफ डेट मानकर परिवार आईडी और वयस्क सदस्यों का निर्धारण कर रहा है। किसानों का तर्क है कि जब वास्तविक विस्थापन अभी तक हुआ ही नहीं है, तो परिवार आईडी और पुनर्वास लाभों की गणना वास्तविक विस्थापन की तारीख से हो। साथ ही 90 से 100 प्रतिशत डूब में आए परिवारों को संपूर्ण विस्थापन लाभ मिले और पुनर्वास स्थलों का नाम मूल गांवों के नाम पर रखा जाए।

इनका कहना है...

यह लड़ाई निजी स्वार्थ की नहीं, व्यवस्था के दोहरे रवैये के खिलाफ है। मेरी एक बीघा जमीन भी डूब में नहीं है, लेकिन 65 गांवों के किसानों पर हो रहे अन्याय को देखकर चुप नहीं बैठ सका। आज 8 वें दिन भी भूख हड़ताल पर डटा हूं और न्याय मिलने तक पीछे नहीं हटूंगा।

जयपाल सिंह खींची
समाजसेवी, ग्राम टोडी

जन-आंदोलन बना सत्याग्रहः राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का खुला

किसानों का यह सत्याग्रह अब व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। धरना स्थल पर पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, चाचैड़ा की पूर्व विधायक ममता मीणा, पूर्व एसपी रणधीर सिंह मीणा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, राघौगढ़ के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी और राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह ने किसानों की 4 गुना मुआवजे की मांग का खुला समर्थन किया है। आगामी दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के भी धरना स्थल पर पहुंचने की संभावना है। वहीं आंदोलन को गति देते हुए आज सुठालिया नगर के समस्त व्यापारी वर्ग और कोचिंग संचालकों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान व संस्थान पूरी तरह बंद रखकर किसानों के समर्थन में खड़े होने का निर्णय लिया है।

बमूलिया से लापता युवती का शव सरपंच के कुएं में मिला

लखनवास। थाना मलावर क्षेत्र के ग्राम बमूलिया से पिछले दो दिनों से लापता युवती का शव रविवार को गांव के सरपंच के कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार निशा वर्मा पिता श्यामलाल वर्मा, 18 वर्ष 7 माह, निवासी ग्राम बमूलिया 18 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर थाना मलावर में अपराध क्रमांक 251/26 धारा 140(3) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। इसी दौरान रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के सरपंच भारत सिंह सोंधिया के कुएं में एक शव तैरता हुआ देखा। सूचना पर थाना मलावर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त लापता युवती निशा वर्मा के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और पूर्व में भी बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

शल्य क्रिया विशेषज्ञ को पुनः सारंगपुर किया रिलीव

राजगढ़ सीएमएचओ के लिए बेमानी हुए कलेक्टर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩राजगढ़

20 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में लोकायुक्त कार्रवाई के घेरे में आईं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के लिए राजगढ़ कलेक्टर के निर्देश भी बेमानी साबित हो रहे हैं। दरअसल, जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सारंगपुर के शल्य क्रिया चिकित्सक डॉ. अंकुर देशवाली को हफ्ते में तीन दिन जिला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं देने पाबंद किया गया था।

इन्हीं डॉ. देशवाली को सीएमएचओ डॉ. पटेल ने गत दिवस जारी अपने आदेश से पुनः सारंगपुर अस्पताल के लिए रिलीव कर दिया है। आपको बतादें कि 5 जनवरी 2026 को कलेक्टर के निर्देश पर सारंगपुर में पदस्थ सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. अंकुर देशवाली को हर सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को राजगढ़ जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय एवं सर्जिकल कार्य करने हेतु आदेश जारी हुआ था। बीते दस महीनों में डॉ. देशवाली 100 से ज्यादा जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुके हैं। इन्हीं डॉ. देशवाली को सीएमएचओ ने फिर से सारंगपुर भेज दिया है।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.
क्रमांक/स्थापना/2026/1261 राजगढ, दिनांक15/9/2026

//आदेश//

प्रशासकीय कार्य व्यवस्था की दृष्टि एवं चिकित्सकों की कमी को ध्यान में रखतें हुये डॉ. अंकुर देशवाली शल्यक्रिया विशेषज्ञ (प्रथम श्रेणी) सिविल अस्पताल सांरगपुर को आज दिनांक 15.09.2026 को दोपहर पश्चात् जिला चिकित्सालय राजगढ़ से अपने मूल पदस्थापना स्थल सिविल अस्पताल सारंगपुर हेतु तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया जाता है।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(डॉ. शोभा पटेल)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

पृ.क्रमांक/स्थापना/2026/1262 राजगढ, दिनांक15/9/2026
प्रतिलिपिः-
1. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ़।
2. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला राजगढ़।
3. मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर।
4. डॉ. अंकुर देशवाली शल्यक्रिया विशेषज्ञ (प्रथम श्रेणी) की ओर पालनार्थ।
5. लेखा शाखा स्थानीय कार्यालय।
6. आदेश नस्ती।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

ऑपरेशन के मामलों में आ सकती हैं परेशानियां

उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन राजगढ़ सहित जिले भर के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इन मरीजों में दुर्घटनाओं में घायल, पुलिस एमएलसी वाले मरीजों की अधिकता रहती है। जिला अस्पताल में पूर्व से शल्य क्रिया विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। कुल स्वीकृत पदों के से काफी कम सिर्फ 2 सर्जिकल स्पेशलिस्ट ही जिला अस्पताल में पदस्थ हैं। ऐसे में सीएमएचओ के इस एक तरफा निर्णय से जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन, सर्जरी से जुड़े मामलों में परेशानियां आ सकती हैं। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. पटेल से दो बार संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए रजनी व्यास सम्मानित

सारंगपुर। मध्यप्रदेश प्रांतीय सभा, प्रांतीय महिला सभा, प्रांतीय युवक संघ तथा जिला सभा, जिला महिला सभा एवं जिला युवक संघ मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश शिक्षक गौरव सम्मान समारोह एवं मध्यप्रदेश प्रांतीय महिला सभा का अधिवेशन 20 सितंबर को श्री हाटकेश्वर मांगलिक भवन, मंदसौर में आयोजित किया गया। समारोह में सारंगपुर की रजनी सुशील व्यास को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा समाजसेवा के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। उनके सम्मानित होने पर सारंगपुर एवं जिले के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

भगवान देवनारायण की शोभा यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कुरावर। भगवान देवनारायण के प्रकट उत्सव के अवसर पर सोमवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ खड़ापति हनुमान मंदिर से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा काकरिया देव स्थित भगवान देवनारायण के देव स्थान पहुंची, जहां महाप्रसादी के साथ आयोजन का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। शोभायात्रा में युवाओं ने अखाड़े में अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं ढोल-नगाड़ों और नताशों की गूंज के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। धार्मिक गीतों और जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत

शोभायात्रा के दौरान भाजपा कार्यालय के सामने विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा उर्फ बबलू भैया ने भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई के नेतृत्व में भगवान देवनारायण की शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की सहभागिता और धार्मिक उत्साह देखने को मिला।

शासकीय हाईस्कूल माना में कक्षा 9वीं के 11 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित

कुरावर। समीपस्थ ग्राम माना स्थित शासकीय हाईस्कूल परिसर में मंगलवार सुबह 11 बजे निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 11 छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदीप शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीणा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। संचालन शिक्षक राजेश चंद्रवंशी ने किया तथा आभार सरपंच अरविंद पटेल ने माना। इस अवसर पर मंडल महामंत्री लखन राजपूत, एल्डरमैन प्रतिनिधि धीरज भावसार, मंडल महामंत्री गुड्डू जाटव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत, रवि पाल, संजय चंद्रवंशी, गोपाल राठौर, मोहित चंद्रवंशी, कमल दला, आनंद वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, बसंत नागर, संजय नागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं विद्यालय का शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।

निःशुल्क नेत्र शिविर में 200 मरीजों की जांच 50 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

सारंगपुर। लायंस क्लब द्वारा स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 200 मरीजों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को ऑपरेशन एवं आवश्यक उपचार के लिए सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर भेजा गया। मरीजों को बस के माध्यम से आनंदपुर रवाना किया गया, जहां उनका आवश्यक उपचार और मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में मरीजों और उनके साथ आए परिजनों के लिए लायंस क्लब की ओर से भोजन के पैकेट भी वितरित किए गए। क्लब सदस्यों ने मरीजों के पंजीयन, जांच तथा आनंदपुर भेजने की व्यवस्था में सहयोग किया। लायंस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे। शिविर में लायंस क्लब अध्यक्ष विनय मकोडिया, सचिव प्रदीप चौहान,पीयूष राठी, महेश शर्मा, एमजेएफ राजेन्द्र पालीवाल, मोहम्मद मंसूरी, प्रदीप जोशी,अतुल जोशी, नितिन परिहार आदित्य शर्मा सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर से लाभान्वित मरीजों एवं उनके परिजनों ने लायंस क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

रक्तदान शिविर में युवाओं के साथ प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर लिया भाग

नरसिंहगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को सिविल अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं के साथ प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं में उत्साह देखने को मिला। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक युवाओं को अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से अस्पताल परिसर में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था। रक्तदाताओं एवं अभियान में शामिल लोगों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, डॉ. गौरव त्रिपाठी, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार वर्मा, नितेश अग्रवाल, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

भजन संध्या के बाद निकाली तेजाजी महाराज की शोभायात्रा

तेजा दशमी पर जाट समाज ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

वरिष्ठजनों का साफा बांधकर सम्मान, भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏩सारंगपुर

तेजा दशमी के अवसर पर सोमवार को गोपालपुरा में जाट समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लोकदेवता वीर तेजाजी महाराज का चल समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया। आयोजन में समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। चल समारोह का गांव में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन की शुरुआत तेजाजी महाराज कील पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज के जयकारे लगाए, जिससे पूरे मार्ग पर धार्मिक वातावरण बना रहा।

भजन संध्या में गूंजे भक्ति के स्वर

तेजा दशमी के कार्यक्रम के तहत रविवार शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए तेजाजी महाराज की भक्ति में सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से समाजजनों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

मालवीय परिवार ने किया स्वागत, वरिष्ठजनों का सम्मान

चल समारोह के दौरान मालवीय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शोभायात्रा एवं श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। स्वागत करने वालों में सेवानिवृत्त शिक्षक रतनलाल मालवीय एवं घनश्याम मालवीय सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

पूजा-अर्चना के बाद हुआ भंडारा

धार्मिक आयोजन के दौरान तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को सफल बनाने में जाट समाज के बंधुओं ने सहयोग एवं सहभागिता की। आयोजकों ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी समाजजनों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। तेजा दशमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने समाज में धार्मिक आस्था, एकजुटता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

mail ID-cmonprgh@gmail.com

क्रमांक / दशहरा पर्व / 2026/2427 राजगढ़ दिनांकः 16/09/2026

// ऑनलाईन निविदा सूचना //

एतद द्वारा समस्त रावण पुतला निमार्ताओं, आतिशबाजी विक्रेताओं, प्रकाश, साउंड, जनरेटर, डीजे एवं टेंट व्यवस्थापकों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय को दशहरा पर्व पर बिना आतिशबाजी के रावण पुतला का निर्माण, रावण के अंदर लगनें वाली आतिशबाजी, दशहरा मैदान पर प्रदर्शित होने वाली आतिशबाजी, दशहरा मैदान एवं चल समारोह में प्रकाश व्यवस्था, डीजे व्यवस्था, साउंड व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था तथा दशहरा मैदान एवं थाना कोतवाली के सामने टेंट व्यवस्था की जाना है। नगर पालिका राजगढ़ जिला राजगढ़ के लिये दशहरा पर्व में उक्त व्यवस्था हेतु (निविदा दिनांक तक लागू नवीनतम संशोधन लागू हैं) आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक निविदादाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी ऑनलाईन निविदा दर ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी ई टेण्डर वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा एवं उसकी तिथियों में किसी भी प्रकार संशोधन / परिवर्तन / परिवर्धन होने की दशा मे सूचना ऑनलाईन सूचना ही जारी की जावेगी पृथक से कोई सूचना समाचार पत्र मे प्रकाशित नही की जावेगी।

क्रं.	जावक क्रमांक	आन लाइन निविदा	कार्य का नाम / विवरण	अनुमानित लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा पत्रक शुल्क	सप्लार्स की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1	2428	2026_UAD_536448_1	दशहरा मैदान पर 35 फीट अस्थाई रावण का पुतला निर्माण।	90000/-	10000/-	2000/-	जीएसटी पंजीकृत	कार्यादेश से एक दिवस से पूर्व
2	2429	2026_UAD_536449_1	रावण पुतला के अंदर आतिशबाजी एवं दशहरा मैदान पर आतिशबाजी प्रदर्शन।	150000/-	15000/-	2000/-	जीएसटी पंजीकृत	कार्यादेश से एक दिवस से पूर्व
3	2430	2026_UAD_536454_1	दशहरा मैदान एवं थाना कोतवाली के सामने टेंट व्यवस्था तथा राम दरबार एवं लक्ष्मीकांत भगवान की झाँकी (ट्रेक्टर ट्रॉली) सजावट व्यवस्था।	100000/-	10000/-	2000/-	जीएसटी पंजीकृत	कार्यादेश से एक दिवस से पूर्व
4	2431	2026_UAD_536455_1	दशहरा मैदान एवं चल समारोह में प्रकाश व्यवस्था, डीजे व्यवस्था, साउंड व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था।	100000/-	10000/-	2000/-	जीएसटी पंजीकृत	कार्यादेश से एक दिवस से पूर्व

KEY DATE

No	Work Department Stage / Bidder's Stage	Start		Expiry		Envelops
		Date	Time	Date	Time	
1	2	3	4	5	6	7
1	Purchase of Tender Online	18.09.2026	10.30 AM	05.10.2026	17.30 PM	-
2	Prebid meeting Date and Time	Not Required	-	-	-	-
3	Bid Submisson Start			18.09.2026	10.30 AM	-
4	Bid Submisson End			05.10.2026	17.30 PM	
5	Mandatory Submission Open			06.10.2026	17.30 PM	

शर्तेः- 01. फर्म/ठेकेदार का जीवित पंजीयन, आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. नंबर होना अनिवार्य है। 02. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करनें का अधिकार निकाय को होगा एवं निकाय की वित्तीय स्थिति अनुसार ही भुगतान किया जावेगा। 03. कार्य की दरें समस्त करों / मजदूरी सहित प्रस्तुत करे। 04. शासन नियमानुसार करों का कटौत्रा किया जावेगा। 05. रावण का पुतला निर्माण 35 फीट उँचाई का तैयार कर निर्धारित स्थान पर मय लेबर के फिटिंग कर देना होगा। 06. पुतला आकर्षक होना चाहिये। रावण के पुतले में लगनें वाली समस्त सामग्री स्वयं निमार्ता की एवं गुणवत्ता वाली होना चाहिये। 07. रावण पुतला निर्माण का तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। 09. समस्त प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाऐ दशहरा पर्व के पूर्व दिनांक 19.10.2026 को करना आवश्यक होगी। 10. आतिशबाजी प्रदर्शन करनें वाले के पास पाँच वर्षो का अनुभव व लाईसेंस होना आवश्यक है। 08. स्थानीय रावण पुतला निर्माण करनें वाले व्यक्ति / पार्टी को कार्य में प्राथमिकता दी जावेगी। 11. आतिशबाजी प्रशिक्षित व्यक्तियो द्वारा चलवाई जावे जिससे किसी भी प्रकार से दुर्घटना घटित न हो साथ ही प्रकाश व्यवस्था वाले ठेकेदार द्वारा विद्युत तार ज्वाईंट में प्रॉपर रूप से टेपिंग की जाये। 12. अन्य आवश्यक जानकारी व शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद राजगढ़